संपादकीय

सतर्कता बेहद जरूरी तभी देश आगे बढ़ेगा

देश के प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चन्द्रचूड़ ने बाजार नियामक सेबी और सैट को शेयर बाजारों में उल्लेखनीय उछालों के बीच सावधानी बरतने की सलाह दी।

अधिक न्यायाधिकरण पीठों की वकालत करते हुए स्थिर नींव सुनिश्चत करने की बात भी उन्होंने बात कही। सीजेआई मुंबई में नये प्रतिभूति अपीलीय न्यायाधिकरण यानी सैट परिसर का उद्घाटन भाषण कर रहे थे।

उन्होंने अधिकारियों से सैट की नई पीठें खोलने का अग्रह भी किया क्योंकि अब अधिक मात्रा में लेन-देन और नये नियमों के कारण कार्यभार बढ गया है। उनके अनुसार, शेयर बाजार में जितनी तेजी देखी जाएगी, सेबी और सैट की भूमिका उतनी ही अधिक होगी।

सेबी और सैट जैसे संस्थानों को बढ़ावा देने के पीछे उन्होंने अत्यधिक राष्ट्रीय महत्त्व बताया। प्रधान न्यायाधीश जिस वक्त यह सुझाव दे रहे थे, ऐन उसी समय बाजार में जबरदस्त तेजी देखी जा रही थी और बीएसई सेंसेक्स नये शिखर यानी अस्सी हजार को पार कर रहा था। यह अपने आपमें रिकार्ड शिखर है।

शेयर बाजार और निवेश को लेकर युवाओं में गजब का उत्साह देखने में आ रहा है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज यानी एनएसई के अनुसार इस वर्ष जनवरी तक निवेशकों की संख्या 87 मिलियन तक पहुंच चुकी थी।

महामारी के बाद से इन नये निवेशकों के बढ़ते रुझान को लेकर विशेषज्ञों का कहना है कि उन्हें भ्रम है कि इससे हर स्थिति में मुनाफा होता रहेगा। भारतीय कंपनियों का मुनाफा अच्छा होने के बावजूद यह कभी भी लुढक़ सकता है।

कई बार अचानक किसी आर्थिक गड़बड़ी के चलते घरेलू बाजार अप्रत्याशित रूप से धड़ाम भी हो जाता है। वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं और वित्तीय बाजारों का भी इस पर सीधा असर होता है। शेयर बाजार में होने वाले घोटाले और हेराफेरी पर कड़ी नजर रखी जाने के बावजूद आनन-फानन भारी मुनाफा कमाने के लोभ से मुकरा नहीं जा सकता।

ऐसे में सेबी और सैट की जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है। खासकर छोटे निवेशकों के भरोसे को ये अप्रत्यक्ष तौर पर बढ़ाने का काम करती हैं। देश तभी आगे बढेगा, जब वह आर्थिक रूप से समृद्ध होता रहेगा और लोगों का विश्वास बढ़ता रहेगा जिसके लिए सावधानी बेहद जरूरी है।

खादी ग्रामोद्योग ने वित्त वर्ष 24 में दर्ज की 1.55 लाख करोड़ रुपए की रिकॉर्ड बिक्री

नई दिल्ली



खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) ने वित्त वर्ष 2023-24 में 15.7 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि के साथ 1.55 लाख करोड़ रुपये की बिक्री हासिल की है। इस दौरान ग्रामीण इलाकों में 10.17 लाख नए रोजगार के अवसर पैदा हुए हैं। सरकार की ओर से जारी किए गए आधिकारिक आंकड़ों से यह जानकारी मिली है।

केवीआईसी के चेयरमैन मनोज कुमार ने कहा कि पिछले 10 वर्षों के मोदी सरकार के कार्यकाल में खादी और ग्रामीण इंडस्ट्री के उत्पादों की ब्रिकी पांच गुना बढक़र वित्त वर्ष 2023-24 में बढक़र 1,55,673.12 करोड़ रुपये हो गई है, जो कि 2013-14 में 31,154.2 करोड़ रुपये थी।

कुमार ने आगे कहा कि वित्त वर्ष 2013-14 के मुकाबले वित्त वर्ष 2023-24 में बिक्री में 400 प्रतिशत, उत्पादन में 314.79 प्रतिशत, नए रोजगार सृजन में 80.96 प्रतिशत का उछाल दर्ज किया गया है। केवीआईसी का यह योगदान भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और 2047 एक विकसित भारत बनाने में एक अहम भूमिका निभाएगा।

उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से खादी को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे लोगों का खादी के उत्पादों पर विश्वास बढ़ा है। आज के समय में खादी भारतीय युवाओं के बीच एक नई स्टेटस सिंबल के रूप में उभरा है। खादी और ग्रामीण इंडस्ट्री के उत्पादों की मांग बाजार में बढ़ रही है, जिसका असर हमारे प्रदर्शन पर भी दिख रहा है।

आगे कहा कि पिछले 10 वर्षों में खादी और ग्राम उद्योग के प्रोडक्शन को बढ़ाने के लिए कई बड़े फैसले लिए गए हैं, जिसके सकारात्मक परिणाम मिलने लगे हैं। ये आंकड़े दिखाते हैं कि 'मेक इन इंडिया' और 'वोकल फॉर लोकल' जैसे अभियानों से स्वदेशी उत्पादों पर लोगों का विश्वास बढ़ा है। पिछले 10 वर्षों में खादी कपड़े के उत्पादन में अप्रत्याशित 295 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

वित्त वर्ष 2013-14 में खादी कपड़े का उत्पादन 811.08 करोड़ रुपये था, जो कि वित्त वर्ष 2023-24 में बढक़र 3,206 करोड़ रुपये हो गया है। वित्त वर्ष 2022-23 में खादी कपड़े का उत्पादन 2,915 करोड़ रुपये पर था। खादी कपड़े की मांग में भी इस दौरान उछाल देखने को मिला है।

वित्त वर्ष 2013-14 में खादी कपड़े की बिक्री 1,081.04 करोड़ रुपये पर थी, जो कि 2023-24 में बढक़र 6,496 करोड़ रुपये हो गई है। इस दौरान बिक्री में 500 प्रतिशत का इजाफा देखने को मिला है।

वित्त वर्ष 2022-23 में 5,942 करोड़ रुपये के खादी कपड़े की बिक्री हुई थी। केवीआईसी, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग मंत्रालय के तहत आता है। इसका उद्देश्य ग्रामीण इलाकों में अधिकतम रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है।

पशु पालकों की डिमांड से बिनौला खल 200 रुपए उछली

जयपुर

इस बार मक्का खल महंगी होने से बिनौला खल की डिमांड अधिक निकल रही है। वर्तमान में जयपुर मंडी में बिनौला खल के भाव 3500 से 3900 रुपए प्रति क्विंटल बोले जा रहे हैं। इसमें एक सप्ताह के दौरान करीब 200 रुपए प्रति क्विंटल की तेजी दर्ज की गई है। दूसरी ओर मक्का खल एक्स अलवर के भाव 100 रुपए नीचे आकर 4000 रुपए प्रति क्विंटल में व्यापार हो रहा है। दो-तीन साल पहले मक्का खल की कीमतें बिनौला खल के मुकाबले नीचे रहती थीं, तो मक्का खल की डिमांड अधिक बनी रहती थी। मगर इस बार ऐसा नहीं है। बिनौला खल के मुकाबले मक्का खल के भाव ज्यादा चल रहे हैं। जयपुर स्थित प्रमुख फर्म सत्य ट्रेडिंग कंपनी के दिनेश वैद ने बताया कि पशु पालकों की मांग निकलने से बिनौला खल में तेजी का रुख देखा जा रहा है। इसी प्रकार लाल तिल पपड़ी के भाव भी 150 रुपए प्रति क्विंटल उछल गए हैं। जयपुर मंडी में तिल पपड़ी 3350 रुपए प्रति क्विंटल पर मजबूत बोली जा रही थी। दूसरी ओर तिल डली 5000 रुपए प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर बनी हुई है। इस बीच सरसों सीड में गिरावट के चलते सरसों खल के भाव लगातार नीचे आ रहे हैं। बुधवार को सरसों खल प्लांट 2750 रुपए प्रति क्विंटल बेची गई। जयपुर मंडी सरसों मिल डिलीवरी 42 प्रतिशत तेल कंडीशन बुधवार को 50 रुपए और नीचे आकर 6000 रुपए प्रति क्विंटल रह गई है। इस बीच मक्का खल का प्रचलन राजस्थान में पिछले पांच-सात सालों से ज्यादा बढ़ गया है। गुजरात में मक्का खल का प्रचलन ज्यादा हुआ करता था। जानममममकारों का कहना है कि मक्का खल के उपयोग से दुधारू पशुओं को अधिक पौष्टिकता मिलती है और वे दूध ज्यादा देने लगते हैं। इसलिए भी मक्का खल विशेषकर पशु पालकों और डेयरी वालों में लोकप्रिय हुई है।

ब्रिटेन में चीनी पर टैक्स लगाने से खपत में आई कमी

नई दिल्ली । ब्रिटेन में चीनी पर टैक्स लगाने से बच्चों में चीनी की रोजाना खपत में करीब 5 ग्राम और वयस्कों में 11 ग्राम की कमी आई है। अध्ययन के अनुसार, 50 से ज्यादा देशों ने सॉफ्ट ड्रिंक (शीतल पेय पदार्थों) पर चीनी टैक्स लागू किया है ताकि निर्माताओं को अपने प्रोडक्ट्स को दोबारा तैयार करने के लिए प्रेरित किया जा सके। ब्रिटेन में चीनी पर टैक्स का ऐलान मार्च 2016 में किया गया था और अप्रैल 2018 में लागू हुआ था। कैम्ब्रिज, बाथ और ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालयों के शोधकर्ताओं ने यूके नेशनल डाइट एंड न्यूट्रिशन सर्वे से 7 हजार 999 वयस्कों और 7 हजार 656 बच्चों के 11 वर्षों के आंकड़ों का विश्लेषण किया। जर्नल ऑफ एपिडेमियोलॉजी एंड कम्युनिटी हेल्थ में ऑनलाइन प्रकाशित रिजल्ट के अनुसार, ब्रिटेन में चीनी टैक्स लागू होने के एक साल बाद बच्चों ने भोजन और पेय से मिलने वाली चीनी की मात्रा में प्रतिदिन लगभग 5 ग्राम (10 प्रतिशत) की कमी कर दी। वहीं वयस्कों ने रोजाना करीब 11 ग्राम (20 प्रतिशत) की कमी कर दी। इस कुल मात्रा का आधे से ज्यादा हिस्सा अकेले शीतल पेय पदार्थों से आता है, जो बच्चों में करीब 3 ग्राम रोजाना और वयस्कों में लगभग 5 ग्राम प्रतिदिन है।

अदाणी समूह को सुप्रीमकोर्ट से बड़ी राहत, गुजरात सरकार को अभी नहीं लौटानी पड़ेगी 108 हेक्टेयर जमीन

नई दिल्ली

अदाणी समूह को बड़ी राहत देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को गुजरात हाईकोर्ट के उस आदेश पर रोक लगा दी जिसमें राज्य सरकार से अदाणी पोर्ट्स और एसईजेड को आवंटित 108 हेक्टेयर जमीन वापस लेने को कहा गया था। जस्टिस बी.आर. गवई और के.वी. विश्वनाथन की पीठ ने ये फैसला सुनाया। गुजरात सरकार द्वारा करीब 108 हेक्टेयर जमीन वापस लेने के खिलाफ अदाणी पोर्ट्स ने सुप्रीम कोर्ट में अपील दायर की थी। सुप्रीम कोर्ट ने अब इस मामले पर गुजरात सरकार से जवाब मांगा है।

यह जमीन कच्छ जिले में मुंद्रा बंदरगाह के पास स्थित है। मामला 2005 का है, जब अदाणी पोर्ट्स को 108 हेक्टेयर जमीन आवंटित की गई थी। 2010 में जब अदाणी पोर्ट्स ने जमीन पर बाड़ लगाना शुरू किया, तो वहां के नवीनल गांव के लोगों ने हाई कोर्ट में एक जनहित याचिका (पीआईएल) दायर कर दी और अदाणी पोर्ट्स को 231 हेक्टेयर चारागाह भूमि के आवंटन को चुनौती दी। उन्होंने तर्क दिया कि गांव में चारागाह भूमि की कमी है और इस आवंटन से उनके पास केवल 45 एकड़ भूमि ही बचेगी।

2014 में, राज्य सरकार द्वारा यह कहने के बाद कि चारागाह के लिए 387 हेक्टेयर सरकारी भूमि देने का आदेश दिया गया है, कोर्ट ने मामले का निपटारा कर दिया। फिर 2015 में, राज्य सरकार ने हाई कोर्ट में एक रिव्यू पिटीशन दायर की और कोर्ट से कहा कि ग्राम पंचायत को आवंटित करने के लिए केवल 17 हेक्टेयर भूमि ही उपलब्ध थी। इसने प्रस्ताव दिया कि वह शेष भूमि यहां से लगभग 7 किलोमीटर दूर आवंटित कर सकती है। ग्रामीणों ने इसे यह कहते हुए खारिज कर दिया कि मवेशियों के चरने के लिए यह बहुत दूर है। इस साल अप्रैल में, कोर्ट ने एक वरिष्ठ राजस्व अधिकारी से समाधान निकालने को कहा।

आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए पाकिस्तान नहीं जाएगी भारतीय टीम

❒ आईसीसी से बीसीसीआई करेगी ये मांग

नईदिल्ली

टी 20 विश्व कप 2024 के बाद आईसीसी का अगला इवेंट आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 हैं. ये मेगा इवेंट पाकिस्तान में आयोजित होना है. पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड इस आयोजन की तैयारी कर रहा है. इसी बीच बीसीसीआई ने उसे बड़ा झटका दिया है. रिपोर्ट के मुताबिक, बीसीसीआई भारतीय टीम को चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए पाकिस्तान नहीं भेजेगी. बोर्ड आईसीसी से इस विषय में अपनी अलग मांग रखेगा. रिपोर्ट के मुताबित भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) आईसीसी से मांग करेगा कि चैंपियंस ट्रॉफी के उसके मैच दुबई या श्रीलंका में आयोजित कराएं जाएं. भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के इस कदम से पाकिस्तान बोर्ड को बड़ा झटका लग सकता है. बता दें कि बीसीसीआई से सुरक्षा कारणों की वजह से लंबे समय से भारतीय क्रिकेट टीम को पाकिस्तान भेजने से इनकार करती रही है और चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भी उसका यही स्टैंड रहने वाला है.

बता दें कि एशिया कप 2023 का होस्ट पाकिस्तान था लेकिन बीसीसीआई द्वारा भारतीय टीम को पाकिस्तान नहीं भेजे जाने के कारण ये टूर्नामेंट में हाईब्रिड मॉडल में खेला गया था. सिर्फ 4 मैच पाकिस्तान और 9 मैच श्रीलंका में खेले गए थे. भारतीय टीम श्रीलंका को हराकर एशिया कप 2023 की चैंपियन रही थी.

चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का आयोजन फरवरी-मार्च के महीने में पाकिस्तान में होना है. इस टूर्नामेंट में 8 टीमें हिस्सा ले रही हैं. भारत, पाकिस्तान के अलावा बांग्लादेश, अफगानिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, साउथ अफ्रीका और इंग्लैंड इसमें भाग लेने वाली हैं. पाकिस्तान ने इस टूर्नामेंट के आयोजन के लिए कराची, लाहौर और रावलपिंडी स्टेडियम को चुना है और इन तीनों स्टेडियम का निर्माण कार्य चल रहा है.

20 अगस्त से शुरू होगा मानसून पिकलबॉल चैंपियनशिप का दूसरा सीजन

मुंबई

मानसून पिकलबॉल चैंपियनशिप का दूसरा संस्करण 20 से 25 अगस्त तक यहां आयोजित किया जाएगा, जिसमें 800 प्रतिभागियों के कुल 47 श्रेणियों में प्रतिस्पर्धा करने की उम्मीद है। चैंपियनशिप में कुल 100,000 अमेरिकी डॉलर (करीब 1 करोड़ रुपये) की पुरस्कार राशि है, जो ओपन प्रो, 19+ इंटरमीडिएट, 30+ ओपन, 40+ ओपन, 50+ ओपन, 18+ ओपन, 60+ ओपन, स्प्लिट एज 35+ से लेकर 47 श्रेणियों में सभी प्रतिभागियों के लिए उपलब्ध होगी।

पीपीए टूर पर पूर्व विश्व नंबर 2, जोसलीन 'जे' डेविलियर्स, जिन्हें अक्सर फ्लाइंग फ्रेंचमैन के रूप में जाना जाता है, तीनों डिवीजनों में खेल के शीर्ष पर पहुंच गए हैं। उन्होंने खुद को देखने के लिए सबसे उग्र और रोमांचक खिलाड़ियों में से एक साबित किया है और वे टूर पर सबसे लोकप्रिय पेशेवर पिकलबॉल खिलाड़ियों में से एक हैं और मानसून पिकलबॉल चैंपियनशिप 2.0 में प्रतिभा और प्रतिभा लाएंगे।

अन्य अंतरराष्ट्रीय पिकलबॉल सितारे जैसे मेघन फज, रायलर डीहार्ट, रॉब ननरी और थैडिया लॉक भी इस चैंपियनशिप में भाग लेंगे।

मानसून पिकलबॉल चैम्पियनशिप 2.0 के टूर्नामेंट निदेशक और ग्लोबल स्पोर्ट्स के पार्टनर नीरज जैन ने कहा "हमें मानसून पिकलबॉल चैंपियनशिप के दूसरे संस्करण की घोषणा करते हुए बेहद खुशी हो रही है। ग्लोबल स्पोर्ट्स का मुख्य उद्देश्य भारत में पिकलबॉल के खेल को बढ़ावा देने के लिए पूर्ण प्रतिबद्धता है और यह संस्करण हमारे द्वारा आयोजित पिछले टूर्नामेंटों से बड़ा होगा। जे डिविलियर्स के इस टूर्नामेंट में खेलने से युवा प्रतिभाओं को प्रेरणा मिलेगी और उन्हें पेशेवर पिकलबॉल खेलने का एक रोडमैप मिलेगा।

आज का राशिफल

मेष- आपके लिए आज का दिन शुभ है। आज आप जिम्मेदारियों को अच्छी तरह निपटा सकते हैं। कामकाज निपटाने में आप बहुत हद तक सफल भी रहेंगे। अपनी तरफ से हर मामले पर आपको सकारात्मक रहना होगा। धैर्य और विनम्रता रखें।

वृष- आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज घर के बड़ो की मदद से आपका जरूरी काम पूरा हो जायेगा। किसी रिश्तेदार से आपको कोई अच्छी खुशखबरी मिलेगी। जीवनसाथी आज आपकी हर बात समझने की कोशिश करेंगे, इससे रिश्तों में नयापन आयेगा।

मिथुन- आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज शांति से कामकाज निपटाने की कोशिश करें। आज पुरानी देनदारी भी निपटा सकते हैं। आज जीवनसाथी की भावनाओं को समझने में बहुत हद तक आपको सफलता मिलेगी।

कर्क- आज का दिन मिली-जुली प्रतिक्रिया वाला रहेगा। आज भाई या बहन से आपकी फोन पर बात होगी, जिससे आपको अच्छा लगेगा। दाम्पत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। महिलाएं आज ऑनलाइन कोई नयी डिश सीखने की कोशिश करेंगी।

सिंह- आज आपका दिन शानदार रहेगा। परिवार के सामने आपको अपनी राय रखने का पूरा मौका मिलेगा, आपकी योजना से लोग काफी प्रभावित होंगे। आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। आज आपको अपनी वाणी पर संयम बनाये रखना चाहिए।

कन्या- आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। आपके कोर्ट-कचहरी के मामले थोड़े अटक सकते है, लेकिन समय रहते सब ठीक होगा। आज आप जो भी व्यापार शुरू करेंगें, उसमें सफलता हासिल होगी। आज आपको किसी दोस्त का भी सहयोग मिलेगा।

तुला- आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आज किसी नए काम को शुरू करने से पहले पूरी योजना बनाएंगे और साथ ही माता-पिता से सलाह लेंगे। आज सरकारी कामों में नीति व नियमों पर पूरा ध्यान देंगे तो आपको काम करने में आसानी होगी।

वृश्चिक- आज आपका दिन शानदार रहेगा। अपने जीवन को बेहतर बनाने के लिए आज आपको कुछ अच्छे मौके मिल सकते हैं। संतान की ओर से आपको अच्छी खुशखबरी मिल सकती है। घर के किसी काम को लेकर आप कोई बड़ा फैसला कर सकते हैं।

धनु- आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज किसी धार्मिक गतिविधि में शामिल होने के योग बन रहे हैं। आज किसी मामले में दूसरों के साथ बातचीत या सलाह करने से फायदा होगा।

मकर- आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज रोजमर्रा के कामों में आपको ज्यादा समय लग सकता है। आज आपको कारोबार में पैसा लगाने से पहले बड़ो की राय लेना आपके लिए बेहतर साबित होगी।

कुंभ- आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज जो भी काम शुरु करेंगे वो समय पर पूरा हो जायेगा। आपको करियर से संबंधित नए अवसर मिलेगा। नये व्यापार को शुरू करने में बड़े भाई का सहयोग मिलेगा।

मीन- आज आपका मन नई उमंगों से भरा रहेगा। हर कोई आप से राय लेना चाहेगा। ऑफिस के लोगों में आपका रुतबा बनेगा। किसी विशेष व्यक्ति से आज आपकी बात हो सकती है।

नेटफ्लिक्स की आगामी सीरीज सीए टॉपर का ट्रेलर हुआ रिलीज

❒ 18 जुलाई को होगा प्रीमियर



इन दिनों वेब सीरीज का लोगों में काफी क्रेज है। पंचायत और मिर्जापुर जैसी सीरीज के लिए लोगों में दीवानगी को देखते हुए मेकर्स नए-नए कॉन्सेप्ट के साथ दर्शकों के बीच आ रहे हैं, जो फैंस को पसंद भी आ रहा है। अमेजन प्राइम वीडियो की वेब सीरीज मिर्जापुर-3 कुछ दिनों पहले ही स्ट्रीम हुई है, जिसमें गुड्डू पंडित से लेकर कालीन भैया फिर से एक बार मार-काट करते हुए दिखाई दिए। अब इस क्राइम थ्रिलर वेब सीरीज के क्रिएटर (राइटर) एक ब्रांड न्यू कहानी लेकर आ रहे हैं, जो दर्शकों को थोड़ा गुदगुदाएगी, लेकिन साथ ही एक सीए टॉपर को मजबूरी में क्या-क्या काम करना पड़ता है, उसकी कहानी भी उजागर करेगी। उनकी इस वेब सीरीज का टाइटल त्रिभुवन मिश्रा सीए टॉपर है, जिसका हाल ही में ट्रेलर रिलीज हुआ है।

चार्टेड अकाउंटिंग में टॉप करने के बाद भी अपने जीवन में किसी तरह से एक कॉमन मैन को संघर्ष करना पड़ता है, उस कहानी को दर्शाता है त्रिभुवन मिश्रा, इस किरदार को सीरीज में मानव कौल ने निभाया है। इस ट्रेलर की शुरुआत होती है सीए टॉपर से, जो एक महिला को सर्विसेस (प्राइवेट) देता है। दुनिया के सामने त्रिभुवन काफी भोला है, जो ऑफिस में एकदम आईडियल कर्मचारी है, लेकिन अपनी मजबूरी को देखते हुए वह गलत राह पर निकल जाता है, जहां वो महिलाओं की जरूरतों को पूरा करता है।

चियान विक्रम की तंगलान का ट्रेलर हुआ रिलीज, धांसू अवतार में नजर आए अभिनेता

चियान विक्रम के फैंस के फैंस का इंतजार आखिरकार खत्म हो गया है. उनकी मोस्ट अवेटेड फिल्म थंगालान का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है. टीजर और फर्स्ट-लुक पोस्टर के लॉन्च होने के लंबे इंतजार के बाद फिल्म के ट्रेलर ने काफी एक्साइटमेंट बढ़ा दिया है. तंगलान एक हिस्टोरिकल एक्शन ड्रामा है जो एक निडर आदिवासी नेता की स्टोरी बताती है जो कोलार गोल्ड फील्ड्स में अपनी जमीन के लिए ब्रिटिशर्स ने लडऩे की हिम्मत करता है. ट्रेलर में अत्याचार, बहादुरी और विजय से भरे युग की झलक दिखाई गई है, जिसमें चियान विक्रम अलग ही अंदाज में नजर आ रहे हैं. फिल्म में चियान विक्रम के अलावा पार्वती थिरुवोथु, डैनियल कैल्टागिरोन, पसुपथी और मालविका मोहनन सहित कई टैलेंटेड कलाकार हैं जो फिल्म में खास रोल निभाते नजर आएंगे.

धनुष के प्रशंसकों को मिला एक और बड़ा तोहफा,फिल्म रायन का नया पोस्टर जारी

साल 2024 की शुरुआत में कैप्टन मिलर की सफलता के साथ धनुष ने धमाकेदार शुरुआत की। अब वह रायन के साथ दर्शकों को मंत्रमुग्ध करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। फिल्म रिलीज से पहले निर्माताओं ने दर्शकों को एक और बड़ा तोहफा दिया है। धनुष के निर्देशन में बनी आगामी फिल्म के मुख्य किरदारों का दिलचस्प पोस्टर साझा किया गया है, जिसे देखकर प्रशंसकों का उत्साह सातवें आसमान पर पहुंच गया है।

नए पोस्टर में धनुष के साथ कालिदास जयराम, संदीप किशन और दुशारा विजयन भी हैं, जो कैमरे की ओर देखते हुए एक साथ खड़े नजर आ रहे हैं। कथित तौर पर सितारे फिल्म में धनुष के भाई-बहन की भूमिका निभा रहे हैं। नए पोस्टर में उन सभी को एक बाल्टी पकड़े हुए दिखाया गया है, जबकि धनुष केंद्र में खड़े हैं। जानकारी हो कि रायन 26 जुलाई, 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। मुख्य कलाकारों के अलावा आगामी गैंगस्टर ड्रामा में प्रकाश राज, एसजे सूर्या, वरलक्ष्मी सरथकुमार और अपर्णा बालमुरली भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं।

अब तक रायन के लिए बॉक्स ऑफिस पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए कोई अन्य बड़ी रिलीज नहीं है, जिसका अर्थ है कि धनुष स्टारर को 26 जुलाई, 2024 को एकल रिलीज मिल सकती है। हालांकि, अल्लू सिरीश की बडी भी उसी दिन बड़े स्क्रीन पर आ रही है इससे रयान के व्यवसाय पर असर पडऩे की बहुत कम संभावना है।

इसके अलावा एक और बड़ी रिलीज थंगालान है, जिसकी रिलीज डेट अभी तय नहीं हुई है। 28 जुलाई को धनुष का जन्मदिन है। इसलिए भी फिल्म की रिलीज का प्रशंसक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। रायन धनुष द्वारा लिखित और निर्देशित है और यह अभिनेता की दूसरी निर्देशित फिल्म है।

शब्द सामर्थ्य- 115

बाएं से दाएं

1. राजद प्रमुख 6. रखवाला, रक्षा करने वाला 7. दयालु, रहम करने वाला (उ.) 10. युग्म, जोड़ा, एक राशि, एक फिल्म अभिनेता 13. कैदखाना, जेल, हिरासत 15. जानकी, जनकनंदनी 17. व्यर्थ की बात, बकबक 18. नारी, स्त्री, महिला 21. विक्रय करना 22. वाणी, कथन, वादा 24. ताश में दस अंकों वाला पत्ता 25. नगर का, नागरिक, चतुर।

ऊपर से नीचे

1. बेफ्रिक, निश्चिंत, जिसे कोई परवाह न हो 2. मूर्ति 3. दोस्त, प्रेमी 4. कुशल, विशेषज्ञ 5. बगुला 8. झुका हुआ, झुकाया गया, नत 9. इधर-उधर, पास पड़ोस 11. किस्मत, तकदीर, भाग्य 14. बंदर, मर्कट, कपि 16. शक्तिशाली, बलवान 18. संतान, संतति 19. अस्तबल, घुड़साल 20. राजी करना, रूठे हुए को प्रसन्न करना 23. सरिता, नदिया, नद।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 114 का हल

मा	म	ला	■	सि	वा	य	■	कि
लि	■	चा	ह	त	■	म	म	ता
क	सू	र	■	म	ग	न	■	ब
■	र	■	■	■	द	■	■	■
क	मा	न	■	पा	र	स	■	स
मी	■	म	जा	ल	■	न	क	ली
ना	दा	न	■	ना	र	द	■	का
■	मि	■	■	■	तौं	■	■	■
सु	नी	ल	■	अ	धी	र	■	जी

सू-दोकू- 115

		3					7	
9				6		3		8
	7		9		5		6	
						1		9
3		8		7			5	
	1		3		9			7
		2		8		7		
	8				2		4	3
			1					

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.114 का हल

5	2	4	9	6	7	8	1	3
3	6	7	4	1	8	2	9	5
8	1	9	3	2	5	4	6	7
6	3	5	1	9	4	7	2	8
7	9	8	5	3	2	6	4	1
2	4	1	7	8	6	5	3	9
4	5	3	6	7	9	1	8	2
9	8	6	2	5	1	3	7	4
1	7	2	8	4	3	9	5	6